# कक्षा - 8 विषय - सामाजिक विज्ञान अभ्यास प्रश्न -पत्र

**प्रश्न 1': बहुविकल्पीय प्रश्न (Section A: MCQs) (20 x 1 = 20 अंक)**

1.प्लासी का युद्ध कब हुआ था?
(क) 1757 (ख) 1764 (ग) 1857 (घ) 1761
2.'स्थायी बंदोबस्त' (Permanent Settlement) किसने लागू किया?
(क) लॉर्ड डलहौजी (ख) लॉर्ड कॉर्नवालिस (ग) वारेन हेस्टिंग्स (घ) थॉमस मुनरो
3.1857 के विद्रोह में लखनऊ से नेतृत्व किसने किया?
(क) रानी लक्ष्मीबाई (ख) तात्या टोपे (ग) बेगम हजरत महल (घ) नाना साहेब
4.भारतीय संविधान का जनक किसे कहा जाता है?
(क) महात्मा गांधी (ख) डॉ. बी.आर. अंबेडकर (ग) जवाहरलाल नेहरू (घ) वल्लभभाई पटेल
5.संसाधन जो असीमित हैं और उन पर मानवीय क्रियाओं का प्रभाव नहीं होता, कहलाते हैं:
(क) अनवीकरणीय संसाधन (ख) सौर ऊर्जा (नवीकरणीय) (ग) मानव निर्मित संसाधन (घ) जीवाश्म ईंधन
6.भोपाल गैस त्रासदी कब हुई थी?
(क) 1980 (ख) 1984 (ग) 1992 (घ) 2001
7.भारत में 'धर्मनिरपेक्षता' का क्या अर्थ है?
(क) सभी धर्मों को समान महत्व देना (ख) केवल एक धर्म का पालन
(ग) किसी भी धर्म को न मानना। (घ) सरकार द्वारा धर्म का प्रचार
8.निम्नलिखित में से कौन 'रोपण कृषि' (Plantation Agriculture) का उदाहरण है?
(क) चावल (ख) गेहूँ (ग) चाय (घ) मक्का
9.टिस्को (TISCO) की स्थापना कहाँ की गई थी?
(क) भिलाई (ख) जमशेदपुर (ग) राउरकेला (घ) बोकारो
10.संसद के निचले सदन को क्या कहा जाता है?
(क) राज्य सभा (ख) विधान सभा (ग) लोक सभा (घ) विधान परिषद

**प्रश्न 2': अति लघु उत्तरीय प्रश्न ((5 x 2 = 10 अंक) (उत्तर सीमा: 20-30 शब्द)**

1. 'विलय नीति' (Doctrine of Lapse) क्या थी? इसे किसने शुरू किया?
2. 'सतत पोषणीय विकास' (Sustainable Development) का क्या अर्थ है?
3. 'हाशिये पर होना' (Marginalisation) किसे कहते हैं?
4.वुड्स डिस्पैच (Wood's Despatch) क्या था?
5.भारत में न्यायपालिका स्वतंत्र क्यों होनी चाहिए? कोई एक कारण बताएं।

**प्रश्न 3.लघु उत्तरीय प्रश्न (6 x 3 = 18 अंक)(उत्तर सीमा: 40-60 शब्द)**

1.1857 की क्रांति के असफल होने के किन्हीं तीन कारणों का उल्लेख कीजिए।
2.कृषि के विभिन्न प्रकार क्या हैं? 'निर्वाह कृषि' और 'वाणिज्यिक कृषि' में अंतर स्पष्ट करें।
3. हमें संसद की आवश्यकता क्यों है? तीन बिंदुओं में समझाएं।
4. महात्मा गांधी ने 'नमक कानून' क्यों तोड़ा? दांडी मार्च का महत्व बताएं।
5. जल संरक्षण के किन्हीं तीन उपायों का वर्णन कीजिए।

**प्रश्न 4': दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (4 x 5 = 20 अंक)(उत्तर सीमा: 80-100 शब्द)**

(क) महिलाओं, जाति और सुधार के संदर्भ में राजा राममोहन राय और ईश्वरचंद्र विद्यासागर के योगदान का वर्णन करें।
(ख) राष्ट्रीय आंदोलन में 'असहयोग आंदोलन' के महत्व और प्रभाव का विस्तार से वर्णन करें।
(क) उद्योग किसे कहते हैं? कच्चे माल के आधार पर उद्योगों का वर्गीकरण कीजिए और उदाहरण दीजिए।
(ख) मृदा अपरदन (Soil Erosion) क्या है? इसे रोकने के लिए कौन-कौन से उपाय अपनाए जा सकते हैं?
(ख) जनसुविधाएँ (Public Facilities) क्या होती हैं? यह सरकार की जिम्मेदारी क्यों हैं?

**प्रश्न 5.. भारत के राजनीतिक मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए (इतिहास): (3 अंक)**

(i) वह स्थान जहाँ 1857 का विद्रोह शुरू हुआ (मेरठ)। (ii) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ (अमृतसर)।(iii) झाँसी।